# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

दुनियाभर में आज 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापट्टनम में तीन लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ योग किया। इस मौके श्री मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता बढ़ रही है, तो योग शांति की दिशा दिखाता है। यह पॉज बटन जैसा। उन्होंने कहा कि आज योग दुनिया भर के करोड़ों लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है।

*******************

इधर, राजभवन में भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग सत्र में राजभवन के अधिकारियों और कर्मियों, आमंत्रित स्कूली बच्चों के अलावा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि योग भारत की ओर से विश्व को दिया गया एक अनुपम उपहार है।

*******************

झारखंड में भी पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया। राज्य का मुख्य कार्यक्रम रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में हुआ, जहां स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी समेत कई मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि योग तनाव से मुक्ति दिलाने में एक सार्थक जरिया है। इधर, उपराजधानी दुमका, पश्चिम सिंहभूम समेत राज्य के सभी जिलों में योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गयां

*******************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है–प्रकृति के साथ एकात्मता, संयम और सहजता, यही हमारी संस्कृति है और यही योग का वास्तविक स्वरूप भी है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची में द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, आईसीएआई की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की इस प्रतिष्ठित संस्था ने भारत की अर्थव्यवस्था को पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि संस्था की राँची शाखा राज्य में करों के प्रति जागरूकता और नैतिक व्यवसायिकता को मजबूत करने की दिशा में प्रयासरत है।

*******************

धनबाद जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने सदर अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

*******************

राज्य के विभिन्न जिलों में आज मौसम साफ होने से आम जनजीवन को राहत मिली है। इधर, मौसम विभाग के अनुसार 26 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में वज्रपात और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

******समाप्त***********